दैनिक
# न्याय साक्षी
संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म- खाना खजाना- राशिफल
रायगढ़, बुधवार 30 जनवरी 2019
www.nyaysakshi.com


## संपादकीय

# भारत के लिए अवसर

हालिया आंकड़ों के अनुसार चीन की आर्थिकी में उम्मीदों से ज्यादा तेजी से गिरावट है जो भारत को एक मौका आर्थिक स्पर्धा में उतरने का देता है। बीते तीन दशक अब तक की निम्नतम विकास दर चीन ने 2018 में दिखाई। यहां तक कि 2008 की वैश्विक वित्तीय समस्याओं में भी चीन की स्थिति ऐसी नहीं डगमगाई थी जैसी कि इधर पिछले कुछ वर्षों में वित्तीय विकास में गिरावट दिख रही है। चीन अपनी वित्तीय हालत सुधारने हेतु करों तथा सार्वजनिक खर्चों में कटौती इत्यादि की योजनाएं बना रहा है। विश्व बैंक के अनुसार चीन की वित्तीय अवस्था को पटरी पर लाना काफी मुश्किल होगा। पिछले दो वर्षों में भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए अपनी विकास दर को गति दी है। वैसे ये आंकड़े पूरी तस्वीर नहीं उकेरते। भारत की आर्थिकी आकार में चीन की लगभग चौथाई ही है। परंतु भारतीय आर्थिक क्षमताएं चीन की तुलना में कहीं आगे हैं। वहीं भारतीय कंपनियां चीन की कंपनियों को विश्वसनीयता के बल पर पीछे छोड़ रही हैं। वैसे चीन की अर्थव्यवस्था और करोबार की गिरावट का मुख्य कारण चीन का अमेरिका से रिश्तों में खटास आना है। ऐसे में पश्चिमी कंपनियों को भारत में निवेश करना ज्यादा आकर्षक प्रतीत हो रहा है।

निःसंदेह यह परिस्थिति भारत के लिए काफी अनुकूल है, क्योंकि चीन द्वारा किया गया निवेश भारत के बाकी व्यापारों के असंतुलन को काफी हद तक सहारा दे देता है। वैसे भारत को इतना महत्वाकांक्षी नहीं होना चाहिए कि वह चीन का स्थान ले लेगा। परंतु पश्चिमी देशों के अध्ययन के अनुसार चीन के होने वाले आर्थिक नुकसान का काफी कुछ फायदा भारत उठा सकता है। चीन स्वयं को एक आर्थिक शक्ति के रूप में सिद्ध कर चुका है। मौका भारत के हाथ में है कि वह अपनी औद्योगिक उत्पादन क्षमता व व्यापारिक संसाधनों को बढ़ाकर एक आर्थिक रूप से संपन्न देश के रूप में उभरे। हमारी सरकारों को भी औद्योगिक क्षेत्रों को आसान भूमि अधिग्रहण और श्रम कानून में सुधार के जरिये सहयोग देना होगा।

# स्टील प्रॉडक्शन में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बना भारत

**कोलकाता(आरएनएस)।** 2018 में भारत का क्रूड स्टील प्रॉडक्शन 10.65 करोड़ टन रहा, जो 2017 की तुलना में 4.9 पर्सेंट अधिक है। वर्ल्ड स्टील असोसिएशन (डब्ल्यूएसए) के डेटा के अनुसार, जापान ने 2018 में 10.43 करोड़ टन स्टील का प्रॉडक्शन किया जो 2017 से 0.3 पर्सेंट कम है।

स्टील प्रॉडक्शन में देश की स्थिति मजबूत होने से स्टील मिनिस्ट्री के 2030 तक 30 करोड़ टन के प्रॉडक्शन के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। सरकार देश में प्रति व्यक्ति स्टील की खपत बढ़ाने के लिए भी कोशिशें कर रही है। इसके लिए पॉलिसी से जुड़े उपायों के साथ ही हाउसिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च बढ़ाया जा रहा है।

स्टील का प्रॉडक्शन करने वाले 64 देशों के डेटा को एकत्र करने वाली डब्ल्यूएसए ने बताया कि 2018 में दुनिया में क्रूड स्टील का प्रॉडक्शन 180.86 करोड़ टन रहा, जो 2017 की तुलना में 4.6 पर्सेंट अधिक है। पिछले वर्ष यूरोपियन यूनियन (ईयू) को छोड़कर दुनिया के सभी रीजन में क्रूड स्टील के प्रॉडक्शन में वृद्धि दर्ज की गई। ईयू में यह 0.3 पर्सेंट घटा है।



एशिया में क्रूड स्टील स्टील का प्रॉडक्शन 2018 में 127.11 करोड़ टन रहा, जो 2017 से 5.6 पर्सेंट अधिक है। इसमें चीन की बड़ी हिस्सेदारी है। चीन में पिछले वर्ष स्टील प्रॉडक्शन 6.6 पर्सेंट की वृद्धि के साथ 92.83 करोड़ टन रहा। दुनिया में क्रूड स्टील के प्रॉडक्शन में चीन की हिस्सेदारी भी पिछले वर्ष बढ़कर 51.3 पर्सेंट पर पहुंच गई। दक्षिण कोरिया में क्रूड स्टील का प्रॉडक्शन 2018 में 2 पर्सेंट बढ़कर 7.25 करोड़ टन रहा।

ईयू ने पिछले वर्ष 16.81 करोड़ टन क्रूड स्टील का उत्पादन किया, जो 2017 से 0.3 पर्सेंट कम है। यूरोप में इटली का प्रॉडक्शन 1.7 पर्सेंट बढ़कर 2.45 करोड़ टन, फ्रांसका 0.7 पर्सेंट घटकर 1.54 करोड़ टन और स्पेन का 0.1 पर्सेंट की कमी के साथ 1.43 करोड़ टन रहा।

नॉर्थ अमेरिका में क्रूड स्टील का प्रॉडक्शन 2018 में 4.1 पर्सेंट बढ़कर 12.05 करोड़ टन रहा। इसमें अमेरिका का प्रॉडक्शन 6.2 पर्सेंट की वृद्धि के साथ 8.67 करोड़ टन पर पहुंच गया। सीआईएस देशों का स्टील प्रॉडक्शन 0.3 पर्सेंट की वृद्धि के साथ 10.13 करोड़ टन रहा। इनमें रूस का प्रॉडक्शन 0.3 पर्सेंट बढ़कर 7.17 करोड़ टन, यूक्रेन का 1.1 पर्सेंट घटकर 2.11 करोड़ टन रहा।

दक्षिण अमेरिका में क्रूड स्टील का उत्पादन 2018 में 1.3 पर्सेंट बढ़कर 4.43 करोड़ टन पर पहुंच गया। इसमें ब्राजील ने 3.47 करोड़ टन का उत्पादन किया, जो 2017 की तुलना में 1.1 पर्सेंट अधिक है।

# महिला क्रिकेट : सीरीज हथियाने उतरेंगी भारतीय महिलाएं

**माउंट माउंगानुई (न्यूजीलैंड) (आरएनएस)।** पहले मैच में बेहतरीन जीत दर्ज करने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को जब मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ बे ओवल मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश पुरुष टीम की सफलता को दोहराते हुए सीरीज अपने नाम करने की होगी। भारत ने पहले मैच में जीत हासिल की थी और अब तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मैच में वह अपनी बढ़त को 2-0 कर सीरीज हथियाना चाहेगी। दोनों टीमें आईसीसी महिला चैम्पियनशिप के तहत खेली जा रही तीन मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में भिड़ेंगी। भारत ने कोच को लेकर हुए लंबे विवाद को पीछे छोड़ते हुए नए कोच डब्ल्यूवी रमन के मार्गदर्शन में सीरीज का विजयी आगाज किया और मेहमान टीम दूसरे मैच में भी अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखना चाहेगी।



भारतीय टीम में वैसे तो कई अनुभवी बल्लेबाज हैं लेकिन सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना से खास प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मंधाना ने पहले मैच में महज 104 गेंदों पर 105 रनों की शानादार पारी खेलते हुए मुकाबले को एकतरफा कर दिया था और मेहमान टीम ने 33 ओवरों में ही जीत हासिल कर ली थी। युवा बल्लेबाज जेम्मिाह रोड्रिगेज भी शानदार फॉर्म में चल रही हैं। रोड्रिगेज के पास अंतर्राष्टीय क्रिकेट का अनुभव कम है लेकिन 18 वर्ष की उम्र में ही उनमें गजब का आत्मविश्वास दिखता है। उन्होंने पिछले मैच में नाबाद 81 रनों की पारी खेलते हुए मंधाना का साथ दिया और भारतीय टीम को जीत तक पहुंचाया। इन दोनों के अलावा, किवी टीम के लिए मिताली और हरमनप्रीत कौर भी मेजबान टीम के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकती है।

# न्यूजीलैंड में भी जारी है टीम इंडिया का विजय अभियान, कीवियों से जीती सीरिज

**माउंट माउंगानुई (आरएनएस)।** रोहित शर्मा (62) और कप्तान विराट कोहली (60) के अर्धशतकों से भारतीय क्रिकेट टीम ने सोमवार को यहां हुए तीसरे वनडे मैच में न्यूजीलैंड को सात विकेट से हरा दिया। बे-ओवल मैदान पर मिली इस जीत से भारत ने पांच वनडे मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने न्यूलीलैंड के खिलाफ उसके घर में 10 साल बाद कोई द्विपक्षीय सीरीज अपने नाम की है। इससे पहले 2009 में महेंद्र सिंह धौनी की कप्तानी में भारत ने कीवी टीम को हराया था। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लेते हुए रॉस टेलर (93) और टॉम लाथम (51) की शानदार पारियों के दम पर भारत को 244 रनों का लक्ष्य दिया।



इस लक्ष्य को हासिल करने उतरी भारतीय टीम को 39 के स्कोर पर शिखर धवन (28) के रूप में अपना पहला विकेट गंवाना पड़ा। धवन को ट्रैंट बाउल्ट ने रॉस टेलर के हाथों कैच आउट कर पवेलियन की राह दिखाई।

# मोदी सरकार का डीबीटी से 1.1 लाख करोड़ रुपये की बचत का दावा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सरकार ने लाभार्थियों को कल्याणकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली सब्सिडी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए सीधे उसके बैंक खाते में भेजकर जो बचत की है, वह लगभग 1.1 लाख करोड़ रुपये के लेवल तक पहुंच गई है। इसका पता 31 दिसंबर 2018 तक अपडेटेड डेटा से चला है।



सरकार ने कहा है कि उसे इतने लाख करोड़ की बचत लगभग 8 करोड़ फर्जी लाभार्थियों को रिकॉर्ड से हटाने की वजह से हुई है। अपडेटेड डेटा उस समय आए हैं जब सरकार किसानों को सब्सिडी का लाभ देने और मुमकिन तौर पर यूनिवर्सल बेसिक इनकम फ्रेमवर्क के लिए डीबीटी का रास्ता अपनाने के बारे में सोच रही है।

हालिया डेटा के मुताबिक, 31 दिसंबर 2018 तक सरकार को डीबीटी के जरिए 1 लाख 9 हजार 983 करोड़ रुपये की बचत हुई थी जो 31 मार्च 2018 को 90 हजार करोड़ रुपये थी। इसका मतलब यह हुआ कि सरकार को डीबीटी के जरिए एक साल में 20 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की बचत हुई थी। अब तक डीबीटी के जरिए कुल 6 लाख 5 हजार 900 करोड़ रुपये की सब्सिडी बांटी जा चुकी है।

सरकार के एक सीनियर अफसर ने पहचान जाहिर नहीं किए जाने की शर्त पर ईटी से कहा, आंकड़े बताते हैं कि सरकार को डीबीटी के चलते बांटी गई सब्सिडी के छठे हिस्से की बचत हुई है। सत्तारूढ़ पार्टी बीजेपी 2019 के चुनाव प्रचार में इस आंकड़े को उपलब्धि की तरह पेश करते हुए कह सकती है कि उसने भ्रष्टाचारमुक्त सरकार देकर जनता का पैसा बचाया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में 22 जनवरी को हुए 15वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में डीबीटी के जरिए लाभार्थियों के बैंक खाते में जमा कराई गई रकम के बाबत जो कहा था, अपडेटेड डेटा उससे कहीं ज्यादा हैं।

# मार्केट इंटेलिजेंस से किसानों को वाजिब दाम दिलाएगी सरकार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सरकार किसानों को फसल का सही दाम दिलाने के लिए देशव्यापी मार्केट इंटेलिजेंस की शुरुआत करने की योजना बना रही है। इसके लिए उसने सरसों, चना, प्याज, आलू और गेहूं जैसी 5 कमोडिटी को चुना है। कृषि सहयोग एवं किसान कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव प्रशांत कुमार स्वैन का कहना है कि सरकार किसानों को कमोडिटीज की कीमत और मांग को लेकर जानकारी देती रहेगी। इनमें बागबानी (आम, सेब, संतरा आदि) जैसी फसलें भी शामिल होंगी, जो जल्द खराब हो जाती हैं। इससे किसानों को मार्केट का मिजाज भांपने में मदद मिलेगी।



उन्होंने बताया, किसान जो फसल उगाना चाहते हैं, उन्हें उसके बारे में सारी जानकारी दी जाएगी। यानी, उस फसल की मार्केट में डिमांड कैसी है और उसकी कीमतों में कितना बदलाव आ सकता है। इससे किसानों को सही फसल उगाने और उसका वाजिब दाम पाने में आसानी होगी। हम इस योजना की शुरुआत 5 कमोडिटीज के साथ करेंगे और आने वाले सीजन में विस्तार करते रहेंगे।

मार्केट इंटेलिजेंस सिस्टम हाल ही में लॉन्च एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट पॉलिसी की भी मदद करेगा, जिसका मकसद 2022 तक किसानों की कमाई को दोगुना करना है। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया, हमारा डिपार्टमेंट इंटरनेशनल डिमांड के बारे में भी अपडेट देता रहेगा। अभी तक केवल व्यापारियों को ही रिसर्च रिपोर्ट्स का फायदा मिलता था, लेकिन नए सिस्टम के जरिए सीधे किसानों को जानकारी मुहैया कराई जाएगी। कृषि मंत्रालय ने नॉलेज पार्टनर के तौर पर आईसीएआर-एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल इकनॉमिक्स एंड पॉलिसी रिसर्च (एनआईएपी) को जोड़ा है और डायरेक्टोरेट ऑफ मार्केटिंग एंड इंसेप्शन (डीएमआई) उसे टेक्निकल सपोर्ट देगी।

# आयकर विभाग ने 2 साल में जब्त की 6900 करोड़ रुपए की बेनामी संपत्ति

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** बेनामी लेन-देन निषेध कानून के तहत आयकर विभाग पिछले 2 साल में 6,900 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर चुका है। इस बात की जानकारी विभाग ने मंगलवार को विज्ञापन के जरिए दी है। आयकर विभाग ने विज्ञापन में कहा है कि बेनामी लेन-देन से जुड़े लोगों को 7 साल तक की सजा हो सकती है और इसके साथ ही संपत्ति की कीमत के 25त्न के बराबर जुर्माने का भी प्रावधान है। वहीं गलत सूचना देने वाले लोगों को 5 साल तक की सजा हो सकती है और बेनामी संपत्ति की कीमत के 10त्न तक जुर्माना भी लगता है। आयकर विभाग ने अपील की है कि लोग बेनामी लेन-देन खत्म करने में मदद करें।

# कुलधराः रहस्यों में लिपटा एक वीरान गांव

अगर आप सर्दी के सीज़न में घूमना चाहते हैं और आपको हिस्टोरिकल प्लेसेज बहुत पसंद हैं, तो राजस्थान से बेहतर ऑप्शन और कोई नहीं। एडवेंचर से भरपूर राजस्थान के कुलधरा के बारे में जानेंगे

राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत अपने आप में अनूठी है। यहां की खूबसूरती, संस्कृति अपने आप में बहुत कुछ बयां करती है। साथ ही, यह भी कहा जाता है कि हमारी सांस्कृतिक विरासत अपने अंदर कई ऐसे रहस्य संजोये हुए हैं, जो सदियों से रहस्य ही हैं। जैसलमेर जिले का गांव कुलधरा अपने रहस्यों के कारण पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।



**वीरान है गांव-** राजस्थान के जैसलमेर जिले का कुलधरा गांव पिछले 170 सालों से वीरान पड़ा है। इस गांव के लोग एक ही रात में इस गांव को खाली कर के चले गए थे। ऐसा माना जाता है कि वहां के लोग जाते जाते श्राप दे गए थे कि यहां फिर कभी कोई नहीं बस पाएगा। तब से गांव वीरान पड़ा हैं। कहा जाता है कि यह गांव रूहानी ताकतों के कब्जे में है, हालांकि ऐसी कोई बात नहीं है।

## आज का राशिफल

मेषः- आज आप सामाजिक व सार्वजनिक क्षेत्र में प्रशंसा के पात्र बनेंगे। धन लाभ का योग है। पारिवारिक जीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा। आज आपको बौद्धिक चर्चा में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा।

वृषभः- आपका आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। मानसिकरूप से आप स्वस्थ रहेंगे। आपके कार्य निर्धारित रूप से योजना के अनुसार पूर्ण होंगे। आर्थिक लाभ की संभावना है।

मिथुनः- आज जीवनसाथी और संतान के आरोग्य का विशेष ध्यान रखने की चेतावनी गणेशजी देते हैं। किसी भी प्रकार के वाद-विवाद या बौद्धिक चर्चा से दूर रहें। सार्वजनिक जीवन में अपने मान-सम्मान का ध्यान रखें।

कर्कः- किसी बात की ग्लानि से आज आपका मन व्यथित रहेगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। आपमें प्रसन्नता, स्फूर्ति और आनंद का आज अभाव रह सकता है।

सिंहः- गणेशजी की कृपा से आज का दिन सुख-शांतिपूर्वक बीतेगा। अपने सहोदर के साथ संबंधों में निकटता का अनुभव करेंगे। उनका सहकार भी आपको मिलेगा।

कन्याः- आज परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी की मधुरता से आप अपना निर्धारित कार्य कर सकेंगे। आरोग्य अच्छा रहेगा। आज बौद्धिक चर्चा में जाने से आपको फायदा होगा।

तुलाः- गणेशजी कहते हैं कि आप व्यवस्थित रूप से आर्थिक योजना बना सकेंगे। आज आप कोई सृजनात्मक काम कर सकते हैं।

वृश्चिकः- स्वभाव में उग्रता और वाणी पर संयम रखने की आज गणेशजी सलाह देते हैं। शारीरिक शिथिलता और मानसिक चिंता से आपका मन व्यग्र रह सकता है। वाहन चलाते समय अकस्मात कोई दुर्घटना न हो जाए इसका ध्यान रखिएगा।

धनुः- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आपको आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक क्षेत्र में भी लाभ होने की संभावना है। मित्रों और परिवारजनों के साथ पर्यटन स्थल पर जाने का आनंद प्राप्त होगा।

मकरः- आज आपको व्यापार संबंधी कार्यों में लाभ होगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। उगाही, प्रवास, आय आदि के लिए अच्छा दिन है। सरकार तथा मित्रों, संबंधियों से लाभ होगा।

कुंभः- आपका आज का दिन शुभ फलदायी है। शारीरिक रूप से आपको अस्वस्थता का अनुभव हो सकता है। फिर भी आप मानसिक रूप से स्वस्थ महसूस करेंगे।

मीनः- गणेशजी आपको आज का दिन ईश्वरभक्ति और आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में बिताने की सलाह देते हैं। आज के दिन आपको थोड़ी-बहुत प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ेगा। आज आप अपने स्वास्थ्य का खयाल रखें।

# मूवी टाइम मस्ती के लिए बेस्ट है चुरोस

**मूवी देख हो या दोस्तों के साथ गॉसिप कर रहे हों, टेस्टी स्नैक्स के साथ माहौल और भी मज़ेदार हो जाता है तो आइए आज ऐसे ही एक रेसिपी के बारे में जानेंगे।**



**सामग्री :-**

1 कप अनसॉल्टेड बटर, द टीस्पून नमक, 1 कप मैदा, 2 टेबलस्पून चीनी, 3 अंडे, तलने के लिए तेल, डस्टिंग के लिए चीनी का बूरा

**विधि :-**

सॉसपैन में एक कप पानी, मक्खन, चीनी, नमक डालकर उबालें। आंच धीमी कर दें और एक मिनट इसे और पकाएं।

इस मिक्सचर के ठंडा हो जाने पर इसमें मैदा और अंडे डालकर अच्छी तरह स्मूद हो जाने तक चलाते रहें।

इस मिक्सचर को पेस्ट्री बैग में भरें। इसकी टिप पर स्टार टिप लगाएं।

कड़ाही में तेल डालें। पेस्ट्री बैग से लंबे स्टिक्स निकालें और तल लें।

इन्हें सुनहरा होने तक तल लें और बूरे की कोटिंग कर दें।

इसे चॉकलेट सॉस के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 62

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | | | ■ | 6 | |
| 7 | 8 | | ■ | ■ | 9 | | ■ | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 11 | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | ■ | 14 | | | ■ |
| | ■ | 15 | | 16 | | ■ | 17 | 18 |
| | ■ | | ■ | 19 | | 20 | ■ | |
| 21 | 22 | | 23 | | ■ | | ■ | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 61 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

## सू-दोकू-62

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 61 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |